नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 148/2021
Dt-12-4-2021

उप विकास आयुक्त,
मधुबनी।

विषयः– **मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के अंतर्गत लखनौर प्रखंड के ग्राम पंचायत बेहट (दक्षिण) टोला पथराही रेलवे अन्डर पास पथ निर्माण विभाग की झंझारपुर–मधेपुर सड़क–4062, 4821 में कैथिनियाँ गुमती अन्डरपास पुल से दक्षिण नाला जीर्णोद्धार कराने के संबंध में।**

महाशय,

लखनौर प्रखंड के ग्राम पंचायत बेहट (दक्षिण) के श्री विनोद मोहन मिश्र जी (मोबाईल नं0–9934206287 एवं 9199398752) सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त संलग्न आवेदन में वर्णित है कि उपरोक्त सड़क के पूरब किनारे एक नाला बना हुआ है, जो पुराना सर्वे एवं नक्शा में अंकित है।

रेलवे अमान परिवर्तन निर्माण कार्य में गुमती के जगह पर अन्डर पास पुल बन जाने से सड़क नीचे कर दिया गया है। उक्त नाला का भरन होने से पानी सड़क पर बहता है जिसका जीर्णोद्धार करा देने से पानी का बहाव पूर्ववत एवं सड़क पर पानी का जमाव बंद हो जायेगा। वर्णित नाला का उड़ाही/जीर्णोद्धार का कार्य महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम (MGNREGA) के तहत भी कराया जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न आवेदन के आलोक में नाला जीर्णोद्धार कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra
12.4.21
(नीतीश मिश्रा)

संलग्न–ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in